NDTV राजस्थान

मार्केट में बिक रही नकली मेंहदी आपके स्किन को कर सकती है खराब, ड्रग डिपार्टमेंट की कार्रवाई से हुआ खुलासा

Unlicensed Henna Factory Seize: हमारे देश में शादी-विवाह का शुभ अवसर हो या कोई त्यौहार महिलाएं सभी अवसर पर मेंहदी का उपयोग करती हैं. मेंहदी महिलाओं के श्रृंगार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. महिलाओं की सुंदरता में चार-चार लगाने वाली मेहंदी जो बाजार में बिक रही है, वह आपकी स्किन को नुकसान भी पहुंचा सकती है. इसको बेचने से पहले सरकार ने एक मानक तैयार किया है, जिसपर खरा उतरने के बाद ही मेंहदी बाजार में बेंची जा सकती है. लेकिन कुछ लोग इसके बावजूद भी नियमों को ताख पर रखकर इसे अवैध रूप से बेचते हैं. ऐसा ही एक बड़ा मामला राजस्थान से निकलकर सामने आया है.

ड्रग अधिकारियों की टीम ने मारा छापा

बाजार में इसका फायदा उठाकर मोटा पैसा कमाने के फिराक में बिना मानक की मेहंदी बाजार में खपाई जा रही है. ऐसे में शादी ब्याह वालों को सावधान रहने की जरूरत है. क्योंकि बिना मानक की मेहंदी बाजार में बिकने की शिकायत पर, कोटा में औषधि नियंत्रण आयुक्तालय की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मेहंदी फैक्ट्री पर छापा मारा है.

जहां बगैर लाइसेंस के धड़ल्ले से मेहंदी फैक्ट्री चल रही थी. छापे के दौरान डेढ़ लाख रुपये की कीमत का माल जब्त किया गया. ड्रग आयुक्त इकबाल खान और ड्रग कंट्रोलर राजाराम शर्मा के निर्देशन में यह कार्रवाई कोटा शहर के किशोरपुरा इलाके में की गई.

फैक्ट्री में बन रही थी इन दो ब्रांड की मेंहदी

मेंहदी की फैक्ट्री में सजनी दुल्हन मेहंदी कोन, सजनी गोल्ड मेहंदी कोन का निर्माण होता था. दोनों ब्रांड की मेहंदी बिना लाइसेंस के ही फैक्ट्री में बन रही थी. ऐसे में टीम ने मेहंदी पाउडर, बनाने के लिए प्रयुक्त मशीनरी, खाली डिब्बे, खाली कार्टन, मेहंदी कोन के भरे हुए कार्टन बरामद किए हैं. सबसे आश्चर्य की बात यह कि इसी जगह पर पहले भी ड्रग डिपार्टमेंट ने कार्रवाई की थी. उस दौरान भी मोहम्मद यूसुफ बिना लाइसेंस के मेहंदी बनाता मिला था और अब दूसरी बार उसके यहां छापा मारा गया.

Source: https://rajasthan.ndtv.in/rajasthan-news/fake-henna-being-sold-in-the-market-can-harm-your-skin-revealed-by-the-action-of-drug-department-in-kota-5687123